दिन– शुक्रवार दिनांक– 10 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे।

02. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर पटना से दिल्ली तक सरगर्मियां बढ़ीं। नई दिल्ली में आज होगी भाजपा कोर कमिटी की बैठक।

03. प्रदेश में आज से सात हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से मसूर की सरकारी खरीद शुरू।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले की साजिश रचने के आरोप में बक्सर से तीन व्यक्ति गिरफ्तार।

————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। श्री कुमार शपथ ग्रहण के लिए कल शाम दिल्ली पहुंच गये हैं। संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में नये लोगों को काम करने का अवसर मिलेगा।

———साउंड बाइट———

मुख्यमंत्री के साथ ही आज जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर भी तीसरी बार उच्च सदन की सदस्यता की शपथ लेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के ही शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अधक्ष उपेन्द्र कुशवाहा सोलह अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इस बीच, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि मुख्यमंत्री तेरह अप्रैल को पटना लौटेंगे। इसके बाद राज्य में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की पूरी प्रक्रिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा गठनबंधन धर्म का सम्मान किया है और यही वजह है कि सहयोगी दल बीजेपी पर भरोसा करते हैं।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक माहौल और नई सरकार के गठन को लेकर राजधानी पटना से दिल्ली तक सरगर्मी बढ़ गयी है। नई दिल्ली में आज भाजपा कोर कमिटी की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर मंथन होगा। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करेंगे। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इधर, पटना में एनडीए के अन्य घटक दलों के कार्यालयों में सरगर्मी बढ़ी हुई है और बैठकों का दौर चल रहा है। वहीं, जदयू के नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार से मुलाकात कर रहे हैं।

———————————————————————

केन्द्रीय औषधि विभाग के संयुक्त सचिव सत्यप्रकाश टी.एल. ने कहा है कि देश में आवश्यक औषधि सामग्री की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट पर नई दिल्ली में श्री सत्यप्रकाश ने कहा कि सरकार ने औषधि उद्योग को सहायता देने और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने के लिए चालीस पेट्रो रसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क समाप्त कर दिया है।

———साउंड बाईट————

फार्मा उद्योग को समर्थन देने तथा इनपुट फीड स्टॉक और एपीआई की उपलब्धता बनाए रखने के लिए दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स की बिक्री कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। राजस्व विभाग ने 1 अप्रैल 2026 की अधिसूचना के माध्यम से 40 विभिन्न पेट्रोल केमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क घटकर शून्य कर दिया है।

वहीं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

———साउंड बाईट————

एलपीजी सप्लाई प्रेजेंट जियो पोलिटिकल सिचुएशन में इफेक्ट हुई है और हमारे लगभग 60ः ऑफ रिक्वायरमेंट है कंट्री का एलपीजी का वह इंपोर्ट से होता है इसके चलते डोमेस्टिक कंज्यूमर को प्रायोटाइज किया गया और घरेलू उसे के लिए एलजी की सप्लाई 100ः एंश्योर की गई है हमारे किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर पर कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने शादी समारोह के अवसर पर घरेलू एलपीजी के इस्तेमाल के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव ने सभी जिलाधिकारियों और तेल कम्पनियों को निर्देश दिया है कि शादी–विवाह के मौके पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग सुनिश्चित किया जाये। आदेश में कहा गया है कि रसोईयों और कैटरर्स को कॉमर्शियल गैस के लिए अनिवार्य रूप से निबंधन कराना

होगा। साथ ही, जिनके घर शादी–विवाह हो रहा है, उनको भी शादी कार्ड के साथ कॉमर्शियल गैस के लिए आवेदन संबंधित एसडीओ को देना होगा।

———————————————————————

प्रदेश में आज से पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से मसूर की खरीद शुरू हो गयी है। मसूर का समर्थन मूल्य सात हजार रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। प्रदेश में बत्तीस हजार मीट्रिक टन मसूर खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

बक्सर जिले के आशा पड़री गांव से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जान लेवा हमले की साजिश रचने के आरोप में अमन तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि अमन प्रधानमंत्री पर हमले की साजिश रच रहा था और इसके लिए एक विदेशी एजेंसी के सम्पर्क में था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के घर से लैपटॉप सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————

असम, केरलम और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए कल मतदान शान्तिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के अनुसार असम में पचासी दशमलव तीन आठ प्रतिशत और पुद्दुचेरी में नवासी दशमलव आठ तीन प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों राज्यों ने अपने विधानसभा चुनाव इतिहास का सबसे अधिक मतदान दर्ज किया। केरलम में मतदान प्रतिशत अठहत्तर दशमलव शून्य तीन प्रतिशत रहा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार तीन से चार दिन के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापामन में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की सम्भावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए अतिरिक्त उपायों का सुझाव देते हुए एक चर्चा पत्र जारी किया है। बैंक ने आठ मई तक आरबीआई की

वेबसाइट पर कनेक्ट टू रेगुलेट लिंक के माध्यम से टिप्पणियां और प्रतिक्रिया आमंत्रित की हैं। एक रिपोर्ट–

–––साउंड बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को सीमा पार लेनदेन को तेज करने के निर्देश दिए हैं। आरबीआई ने कहा है कि अभी कई बैंक नोस्ट्रो खातों की दिन के अंत की जानकारी पर निर्भर रहते हैं, जिससे पैसे लाभार्थी के खाते में पहुंचने में देर हो जाती है। इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए, आरबीआई ने बैंकों से नोस्ट्रो खाते में जमा राशि का मिलान और पुष्टि नियमित रूप से करने को कहा है। इसमें यह भी कहा गया है कि मिलान का अंतराल सामान्यतः एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि स्थानीय बैंकों का विदेशों में खाता नोस्ट्रो खाता कहलाता है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के तहत प्रदेश में अब तक चार लाख इकहत्तर हजार से अधिक पांडुलिपियां संरक्षण के लिए प्राप्त हो चुकी हैं। पटना में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आयी। मुख्य सचिव ने बताया कि इस सिलसिले में मुधबनी से सबसे अधिक तीन लाख सत्तर हजार से अधिक पांडुलिपियां आई हैं। बिहार इस मामले में देश में चौथे स्थान पर है। श्री अमृत ने बताया कि इस मिशन के तहत उन सभी हस्तलिखित ग्रंथों को पांडुलिपि की श्रेणी में रखा गया है जो कम से कम पचहत्तर वर्ष पुराने हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र में दो लोगों की हत्या के बाद पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने घटना स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और मोबलिंचिंग में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। एसपी ने अफवाहों से बचने और अफवाह फैलाने पर कड़ी निगरानी के भी निर्देश दिए हैं। इस बीच, घटना के बाद उग्र भीड़ ने फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में तोडफोड़ कर कई उपकरणों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। अस्पताल के डिप्टी सुप्रिटेंडेंट आशुतोष कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर असुरक्षित वातावरण को देखते हुए सभी चिकित्सक और कर्मी अररिया अस्पताल में योगदान देंगे। गौरतलब है कि कृषि बाजार उत्पादन समिति के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में एक रेहड़ी वाले ने पिकअप वैन चालक की हत्या कर दी थी। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने रेहड़ी वाले की पीट–पीट कर हत्या कर दी थी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। यह मैच गुवाहटी के ए.सी.ए. स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल कोलकाता के ईडेन गाडेन्स में खेले गये रोमांचकारी मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने अंतिम गेंद पर कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हरा दिया। एक सौ बयासी रन के लक्ष्य के जवाब में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने तीन विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली।

———————————————————————

आज विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विश्व होम्योपैथी दिवस दो हजार छब्बीस का विषय है— सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण पर लिखा है— नीतीश राज्यसभा सदस्य पद की आज लेंगे शपथ।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है— बिहार की सरकार तीन—चार दिन में तय कर देंगे। हम अब दिल्ली में रहेंगे।

दैनिक जागरण ने पश्चिमी एशिया में तनाव पर शीर्षक लगाया है। युद्ध विराम पर इस्रायल ने लगाया ग्रहण।

प्रभात खबर की सुर्खी है— हजारीबाग ट्रेजरी में सत्ताईस करोड़ के घोटाले में गया का सिपाही शंभु मास्टरमाइंड।

राष्ट्रीय सागर ने मौसम की खबर पर लिखा है— बिहार में काल वैशाखी एक्टिव, उन्नीस जिलों में आंधी—बारिश का अलर्ट।

आज अखबार लिखता है— बिहार में होंगे आईपीएल मैच।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे।

02. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर पटना से दिल्ली तक सरगर्मियां बढ़ीं। नई दिल्ली में आज होगी भाजपा कोर कमिटी की बैठक।

03. प्रदेश में आज से सात हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से मसूर की सरकारी खरीद शुरू।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले की साजिश रचने के आरोप में बक्सर से तीन व्यक्ति गिरफ्तार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।